प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.03.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 9 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरे।
- प्रदेशभर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां जारी।
- स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीदी दिवस आज।
- प्रदेशभर में फागोत्सव की धूम।

.......................

राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अब तक 7 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 9 प्रत्याशियों ने 10 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। कल 7 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र पेश किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि कल श्रीगंगानगर, बीकानेर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर और दौसा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 1–1 प्रत्याशी ने अपने नाम निर्देशन पत्र भरे। पूर्व में जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन प्रस्तुत करने वाले एक प्रत्याशी ने एक अतिरिक्त नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। श्री गुप्ता ने बताया कि अब तक जयपुर और जयपुर ग्रामीण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 2–2 प्रत्याशी नामांकन प्रस्तुत कर चुके हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 20 मार्च को पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। पहले चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं। आज से 25 मार्च तक राजकीय अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं किये जा सकेंगे। 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा होगी और 30 मार्च तक नाम निर्देशन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

.......................

भारतीय जनता पार्टी आज प्रदेशभर में विजय संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी का एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी विजय संकल्प दिवस के रूप में मना रही है। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि प्रदेश कार्यालय में आज दोपहर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का अभिनंदन किया जाएगा। वहीं प्रदेश में माईक्रो डोनेशन कार्यक्रम के साथ, लाभार्थी विशेष संपर्क अभियान और प्रथम मतदाता संपर्क अभियान का आयोजन भी किया जाएगा।

.......................

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे ने कल जयपुर में प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति, लोकसभा कलस्टर प्रभारी और संयोजकों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के दस साल के कार्यकाल में देश में काफी बदलाव हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा की ओर से जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है वे उसे समर्पित भाव से निभाएं। प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्धता भी जरूरी है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी उपस्थित थे।

.......................

प्रदेशभर में इन दिनों स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए उदयपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशन में जिले में स्वीप गतिविधिया जारी है। मुख्य आयोजना अधिकारी और स्वीप के सह प्रभारी पुनीत शर्मा ने बताया कि मतदाता जागरूकता गतिविधियों में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की आशा सहयोगिनी और एएनएम सहित 300 चिकित्साकर्मियों को वोटर हेल्पलाइन एप, सी विजिल ऐप, सक्षम

ऐप और केवाईसी ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा शहर के विभिन्न चौराहों पर श्रमिकों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत हनुमानगढ़ टाउन के सेंट्रल पार्क में ''होली संग मतदान और रंगोली प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर काना राम और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान भी मौजूद रहे।

......................

आज स्वतंत्रता सेनानी और शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहीदी दिवस है। आज ही के दिन 1931 में लाहौर षडयंत्र मामले में इन तीनों महान शहीदों ने देश की आजादी के लिए हंसते–हंसते फांसी के फंदे को गले से लगा लिया था। इस अवसर पर आज देशभर में इन महान शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।

शहीद दिवस के मौके पर भीलवाडा में भी सामाजिक संगठन व स्वयंसेवी संगठनों की ओर से आज सूचना केंद्र चौराहे पर शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

......................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में निर्वाचन विभाग के निर्देश पर विभिन्न प्रवर्तन एजेंन्सियों द्वारा एक मार्च से अब तक पकड़ी गई नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं और अवैध नकद राशि का आंकड़ा 209 करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा 111 करोड रूपये से ज्यादा की वस्तुएं जब्त की गई है। अब तक 12 करोड़ 82 लाख रुपये नकद, लगभग 63 करोड़ 40 लाख रूपये मूल्य की ड्रग्स, लगभग 11 करोड़ 40 लाख रुपये कीमत की शराब और 30 करोड़ 52 लाख रूपये मूल्य की सोना–चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 90 करोड़ 94 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री तथा 75 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। राज्य में सर्वाधिक लगभग 29 करोड़ 85 लाख रुपये मूल्य की वस्तुओं की जब्ती जोधपुर में हुई है। इन वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग और आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन एजेंसियों द्वारा प्रदेशभर में इन दिनों कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

......................

राजस्थान उच्च न्यायालय ने आरएएस भर्ती 2023 की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर आरपीएससी की ओर से जारी परीक्षा परिणाम और उत्तर कुंजी को सही मानते हुए मामले में दखल देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने परीक्षा परिणाम और उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज कर दी है। न्यायाधीश समीर जैन ने कुल 55 याचिकाओं को निस्तारित करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने माना कि भर्ती की प्री परीक्षा की उत्तरकुंजी और परिणाम सहीं हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरपीएससी की ओर से पिछले साल 20 अक्टूबर को जारी किए परिणाम और उत्तरकुंजी को चुनौती दी थी।

......................

प्रदेश में शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कल खाद्य सुरक्षा दल ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर सैंपल लिए। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि दल ने कल जयपुर के मुहाना क्षेत्र में मावे की दो भट्टीयों का निरीक्षण किया और खाद्य नमूने लिये। अजमेर और किशनगढ में मिठाई निर्माताओं के यहां भी जांच और सैम्पल की कार्रवाई की। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्री ओझा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत राज्य में इस सप्ताह 1100 से अधिक जांच और सैंपल की कार्रवाई की गई है।

......................

छात्रों को इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज की बारीकियों, इसके विधि व नियामक ढांचा निर्माण तथा भविष्य के रोड मैप के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से कल जयपुर के केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान–सीडीटीआई में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सीडीटीआई जयपुर के निदेशक और डीआईजी डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो की ओर से ये व्याख्यान आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विधि महाविद्यालयों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के तकनीकी विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया। वक्ताओं ने आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस और चेट जीपीटी पर भी चर्चा की।

......................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा।

......................

फाल्गुन में इन दिनों प्रदेशभर में मंदिरों सहित अनेक स्थानों पर फागोत्सव मनाये जा रहे हैं। जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में कल तीन दिवसीय होलिकात्सव और दो दिवसीय पुष्प फागोत्सव के बाद कल सांस्कृतिक आयोजन के तहत भजनामृत अनुष्ठान हुआ। कोलकाता के मालीराम शर्मा के सान्निध्य में फाल्गुनी भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर बृज कला मंडल के करीब 30 कलाकारों ने फूलों की होली खेली। सवाई–माधोपुर जिले में श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में भजन कीर्तन कर रंग गुलाल और फूलों से होली खेल रहे है। विभिन्न संगठनों की ओर से भी होली महोत्सव और फाग उत्सव के आयोजन किये जा रहे हैं। भरतपुर जिले में फागोत्सव के तहत अबीर गुलाल उड़ाकर बाबा श्याम के साथ होली खेली गई। इस दौरान मनमोहक दरबार सजाया गया। वृंदावन के कलाकारों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर  श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। चूरू जिले में 65 से अधिक स्थानों पर होली के अवसर पर लगने वाले फोगोत्स्व के अखाड़े लगाएं गए हैं, जहां पर शेखावाटी के प्रसिद्ध गिंदड नृत्य हो रहे है।

......................